# CCE RR

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

**Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) यह प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका है ।

ii) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ कुल 43 प्रश्न हैं ।

iii) इसके तीन खण्ड हैं – **क, ख** और **ग** । सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

iv) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से संकेताक्षर के साथ लिखना है ।

v) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

vi) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

vii) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

viii) दिये गये विकल्प, अनुरूपता और जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट-छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

ix) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

x) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1. लोग साहुकार को किस नाम से पुकारते थे ?

2. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?

3. पारदर्शी प्रशासन कैसे संभव है ?

4. लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?

5. तिम्मक्का ने अस्पताल निर्माण का संकल्प क्यों किया ?

6. कवि भारत-माता से क्या निवेदन कर रहे हैं ?

II. 7. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| **स्तम्भ - 'क'** | **स्तम्भ - 'ख'** |
|---|---|
| अ) ईमानदारों के सम्मेलन में | i) बेंगलूरू |
| आ) आधुनिक मीरा | ii) कृष्ण की बाललीला |
| इ) चंदन का आगार | iii) महादेवी वर्मा |
| ई) सूरदास | iv) कर्नाटक |
| | v) हरिशंकर परसाई |
| | vi) मातृभूमि का वर्णन |
| | vii) तिम्मक्का |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

8. रवींद्रनाथ ठाकुर के घर का वातावरण : सांस्कृतिक : : भीष्म साहनी के घर का वातावरण :

9. भगवान की लीला का गुणगान : प्रभो : : भारत माता का गुणगान :

10. गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में :

11. प्रकृति प्रेम का प्रभाव : तिम्मक्का : : लोक साहित्य का प्रभाव :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $11 \times 2 = 22$

12. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है ?

13. तुलसीदास के अनुसार राम-नाम की महिमा क्या है ?

14. "भक्तों के भगवान" पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चा क्यों रो रहा था ।

15. 'सोशल नेटवर्किंग' साइटों के कारण समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?

16. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

17. भीष्म साहनी जी अन्य बालकों से क्यों जलते थे ?

18. राष्ट्रभाषा हिंदी के बारे में डॉ० कंबार के क्या विचार थे ?

19. कवि भगवतीचरण वर्मा ने मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य को किस प्रकार वर्णित किया है ?

20. क्रोधित कृष्ण को यशोदा कैसे शांत करती है ?

21. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा के बारे में बताइए ।

22. 'अनमोल समय' पाठ के अनुसार समय अमूल्य क्यों है ?

**अथवा**

शनैःचर का अर्थ क्या है ? शनि किसका पुत्र है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. शांतिनिकेतन की स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

24. तिम्मक्का "पर्यावरण प्रेमी है"। इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

25. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **पाँच** या **छः** वाक्यों में लिखिए : 4

27. 'बसंत की सच्चाई' एकांकी में स्वाभिमानी बसंत की ईमानदारी कैसे व्यक्त हुई है ?

**अथवा**

पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

विमल इंदु ..................................................

...................................................................

...................................................................

............................................. दिखा रही है !

**अथवा**

तुलसी साथी .......................................... ।

........................................... भरोसो एक ।।

## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्नों के नीचे दिये गये रिक्त स्थानों में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन का उदाहरण है

(A) कहावत (B) कहानी

(C) किताबें (D) कमरा ।

30. 'स्वीकार' का विलोम शब्द है

(A) अस्वीकार (B) पुरस्कार

(C) स्वीकृति (D) स्वकार्य ।

31. निम्न में से पुल्लिंग शब्द है

(A) छात्रा (B) दरवाज़ा

(C) नौकरी (D) खिड़की ।

32. गिल्लू का प्रिय खाद्य काजू था ।

इस कथन में प्रयुक्त विराम चिह्न है

(A) योजक (B) अर्ध विराम

(C) पूर्ण विराम (D) अल्प विराम ।

33. निम्न शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया के लिए उदाहरण है

(A) सजावट (B) खेल

(C) चढ़ाई (D) लिखाना ।

34. 'पशु-पक्षी' शब्द का समास है

(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय

(C) द्वंद्व (D) द्विगु ।

35. 'होश हवास उड़ना' मुहावरे का अर्थ है

(A) घबरा जाना (B) खुश होना

(C) बेहोश होना (D) हवा में उड़ना ।

36. निम्न में दीर्घ संधि के लिए उदाहरण है

(A) सदैव (B) सहानुभूति

(C) अत्यंत (D) परोपकार ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. 37. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

$4 \times 1 = 4$

हमारे देश की संस्कृति विश्व की सभी संस्कृतियों से प्राचीन है । आज हम पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध में अपनी महान संस्कृति को भूलते जा रहे हैं । भगवान हमें अपनी महान परंपरा और संस्कृति को सुरक्षित रखने की शक्ति दे । हम यह नहीं कहते कि हम आधुनिक विचारों से दूर रहें । लेकिन इन्हें सूझ-बूझ के साथ स्वीकार करना चाहिए । देशवासियों में वैज्ञानिक दृष्टि पैदा की जाए ताकि वे अज्ञानता और अंधविश्वास के अंधकार से निकलकर देश की प्रगति कर सकें । आध्यात्मिक शक्ति

के साथ वैज्ञानिक तर्कशक्ति देश को ऊँचाई पर पहुँचा सकती है और इससे देश की अपनी पहचान बनती है ।

i) हमारे देश की संस्कृति कैसी है ?

ii) भगवान हमें कैसी शक्ति प्रदान करें ?

iii) देशवासियों में वैज्ञानिक दृष्टि क्यों पैदा करनी चाहिए ?

iv) देश की पहचान कब बनती है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में लिखिए : $4 \times 1 = 4$

38. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।

39. पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ तिम्मक्का अन्य सामाजिक कार्य भी कर रही है ।

40. शनि एक सुंदर ग्रह है ।

41. महात्मा गाँधीजी रवींद्रनाथ ठाकुर को 'गुरुदेव' नाम से पुकारते थे ।

X. 42. अपनी अस्वस्थता को कारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

शैक्षिक प्रवास जाने के लिए अनुमति और 2,000 रुपये माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

XI. 43. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए :

$1 \times 4 = 4$

अ) इंटरनेट : एक वरदान

* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट का महत्व
* इंटरनेट की सुविधाएँ
* उपसंहार ।

आ) जनसंख्या की समस्या

* जनसंख्या का अर्थ
* जनसंख्या वृद्धि के कारण
* जनसंख्या नियंत्रण
* उपसंहार ।

इ) पर्यटन का महत्व

* पर्यटन का अर्थ
* पर्यटन एक उद्योग
* पर्यटन से लाभ
* उपसंहार ।